प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पीएम नारी शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान ये बात कही। ये तीन विधेयक हैं – संविधान 131वां संशोधन विधेयक–2026, परिसीमन विधेयक–2026 और केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक–2026। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करने वालों को भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा।

पीएम नारी शक्ति–2

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित भारत केवल बुनियादी ढांचे, रेलवे या आर्थिक संकेतकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिलाओं की समान भागीदारी भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार नीति निर्माण में सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ काम कर रही है।

कांग्रेस बैठक

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित की जा रही है। बैठक में संगठन की मजबूती और सरकार के साथ बेहतर तालमेल और आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार व संगठन के बीच पूरा समन्वय है और पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल नहीं होने है ऐसे में कांग्रेस किसी भी कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने से नहीं रोकेगी।

ओमेश भारती

पदमश्री से सम्मानित और रेबीज के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉक्टर ओमेश भारती को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यू एच ओ ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें डब्ल्यू एच ओ के मलेरिया और उपेक्षित ऊष्ण कटीबंधीय रोग विभाग की पर्यवेक्षी समिति का सदस्य नामित किया गया है। ये 18 सदस्य समिति विभाग के कार्यक्रमों के मध्यअवधि मूल्यांकन का कार्य करेगी। डॉक्टर भारती को इसमें उपेक्षित पशुजन्य रोगों के स्वतंत्र विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया है। डॉक्टर भारती पहले से ही रेबीज और सर्पदंश पर डब्ल्यू एच ओ के विशेषज्ञ पैनल व राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्य हैं।

कार्रवाई

राज्य सरकार ने यौन उत्पीड़न व छेड़छाड़ के तीन अलग–अलग मामलों में तीन शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आज तीनों शिक्षकों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों के तहत सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में कैमिस्ट्री के असिस्टेंट प्रौफेसर डॉक्टर अनिल कुमार और जवाहर लाल नेहरू राजकीय कॉलेज ऑफ फाईन आर्ट्स शिमला में असिस्टेंट प्रौफेसर पवन को यौन उत्पीड़न मामले में तुरंत नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। इसी तरह राजकीय महाविद्यालय तीस्सा के गणित विषय के असिस्टेंट प्रौफेसर डॉक्टर वीरेन्द्र शर्मा को भी तुरंत नौकरी से निकाल दिया गया है।